सम्पादक की ओर से,

प्रिय पाठकों,

हमारी मासिक पत्रिका 'कॉम्पटीशन पॉवर' की बढ़ती लोकप्रियता और इसके प्रति आप सभी के उत्साह को देखते हुए करियर पावर के सहयोग से बैंकर्स अड्डा आपके लिए लाया है 'कॉम्पटीशन पॉवर' का **अगस्त अंक**। अंग्रेजी की ही तरह यह पत्रिका हिंदी भाषा का अंक है। बैंकर्स अड्डा और करियर पावर का यह सहयोग इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि दोनों ही लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण रूप से अत्यधिक सफल साबित हुए हैं। अब से यह दोनों भाषाओं के छात्रों के बीच समान रूप से उपलब्ध होगी।

इस पत्रिका में हमने नई पहल करते हुए बैंकिंग और एसएससी परीक्षाओं के अलग-अलग पहलुओं को संपूर्णता के साथ आपके समक्ष पेश किया है।

आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हमने न केवल **जून** महीने के करंट अफेयर्स बल्कि **"करंट अफेयर्स ज़िंगर"** के अंतर्गत **मई** माह के घटनाक्रम को भी शामिल किया है। परीक्षार्थियों के लिए हजारों घटनाओं में से मुख्य और परिक्षापयोगी घटनाक्रम को याद रखने को आसान बनाने के लिए हमने एक और नई शुरुआत- **"न्यूज मेकर ऑफ़ द मंथ"** की है जिसमें खबरों में रहे सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों, नियुक्तियों, पुरस्कारों आदि को एक साथ शामिल किया है।

सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स को सम्पूर्ण रूप से कवर करने के साथ-साथ हमने परीक्षा के अन्य पहलुओं को भी समान रूप से महत्वपूर्ण समझते हुए, परीक्षा के भिन्न विषयों (तर्कशक्ति, अंग्रेजी, गणित और कम्प्यूटर्स) में से प्रत्येक से सम्बंधित भिन्न टॉपिक कवर किये हैं, जिस पर छात्र अभ्यास कर सकते हैं; या छात्र अपने साक्षात्कार की तैयारी के लिए मार्गदर्शन पाकर अपने आत्मविश्वास को और बढ़ा सकते हैं। हमने इन सभी को 'कॉम्पटीशन पॉवर' में शामिल किया है!!!

इसके साथ ही हमने अपने पाठकों के अभ्यास के लिए, **एसएससी सीजीएल पेपर (गत वर्ष), एसएससी सीजीएल टायर 1 प्रैक्टिस सेट, आईबीपीएस आरआरबी पीओ 2017 प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट, आईबीपीएस पीओ 2017 प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट, आईबीपीएस पीओ मेंस 2017 प्रैक्टिस सेट, रीजनिंग व क्वांट का एसबीआई पीओ मेंस 2017 स्मृति आधारित मोक** के सम्बंधित परीक्षा पैटर्न पर आधारित प्रेक्टिस सेट भी रखे गए हैं जिनसे वे अपनी गति के साथ-साथ सटीकता (एक्यूरेसी) को भी बढ़ा सकते हैं। पत्रिका के इस अंक में एक नई श्रृंखला **"ट्विस्टेड वंस"** को भी जोड़ा गया है जिसमें प्रश्न उच्च कठिनाई स्तर के साथ होंगे।

मुख्यतया, यह पत्रिका उन सभी छात्रों के लिए एक ही स्थान पर उपलब्ध सम्पूर्ण सामग्री है जो सरकारी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नौकरी पाने की तैयारी कर रहे हैं। आरम्भ होने के कुछ ही महीनों में यह पत्रिका छात्रों के बीच इतनी लोकप्रिय हो चुकी है कि छात्र इसे अब अपनी परीक्षा के लिए उपयोगी समझते हैं। हमें विशवास है कि प्रत्येक छात्र में एक छिपी हुई क्षमता होती है जिसके साथ वह ऊंचाइयों तक पहुँच सकता है, और यह जिम्मेदारी हमारी है कि हम उन्हें, उनकी क्षमता को एक मंच प्रदान करें जो परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें प्रत्येक चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाएं।

यह कहते हुए मैं बैंकर्स अड्डा के मेंटर्स और करियर पावर टीम को विशेष धन्यवाद देना चाहूँगा जिन्होंने इस पत्रिका को सफल बनाने में आवश्यक सहयोग दिया।

शुभकामनाएं!
कॉम्पटीशन पॉवर टीम !!

इस अंक के मुख्य बिंदु

- मोटिवेशनल आलेख | 4
- सक्सेस स्टोरी | 7
- हैंडी नोट और क्विज:
  - नाव एवं जलधारा | 24
  - ऊंचाई और दूरी | 26
  - रक्त सम्बन्ध | 28
  - सेंटेंस कम्पलीशन | 30
  - कंप्यूटर लैंग्वेज | 31
  - बैंकिंग: मौद्रिक नीति का संक्षित विवरण | 32
  - मुग़ल वंश (भाग-4) | 33
- जीके हिन्दू रिव्यु : जून | 35
- करेंट अफेयर्स जिंगर : मई | 43
- ट्विस्टेड वन | 55-61
- आईबीपीएस एवं आरआरबी की परीक्षा का संक्षिप्त विवरण, कट-ऑफ और पाठ्यक्रम | 62
- क़तर संकट: खाड़ी शक्तियों द्वारा क़तर का वहिष्कार | 64
- बैंकिंग एवं एसएससी परीक्षा के लिए वोकेबुलरी | 65

न्यूज़ मेकर ऑफ द मंथ | 5-6

करेंट अफेयर्स |8-23

राष्ट्रीय समाचार | राज्य समाचार | बैंकिंग क्षेत्र से सम्बंधित समाचार एवं भारतीय अर्थव्यवस्था से सम्बंधित समाचार | व्यवसायिक समाचार समझौते | एमओयू हस्ताक्षर | कमिटी समाचारों में | नई नियुक्तियां | निधन | पुरस्कार | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | प्रतिरक्षा | खेल संसार

मॉक पेपर एवं अभ्यास प्रश्नपत्र | **68-137**

एसएससी सीजीएल टियर -I : विगत वर्ष का प्रश्नपत्र – 68
एसएससी सीजीएल 2017 : प्रीलिम प्रैक्टिस सेट - 76
आईबीपीएस आरआरबी पीओ 2017 : प्रीलिम प्रैक्टिस सेट – 84
आईबीपीएस पीओ 2017: प्रीलिम प्रैक्टिस सेट – 93
आईबीपीएस पीओ 2017 : मैन्स प्रैक्टिस सेट – 104
एसबीआई पीओ : स्मृति पर आधारित (रीजनिंग एवं क्वांट) प्रैक्टिस सेट | 125

Volume No. -2 July 2017, Issue - 1
Chief Editor: Gopal Anand
Team: Mansur Alam, Vandana, Prashant, Saurabh, Veer, Nitin & Translation Team
Circulation & Sales Manager: Rajat Mehra
Contact No: 8750044896

Published and Printed by Anil Nagar
On behalf of Metis Eduventures s Pvt. Ltd.
Printed at All Time Offset Printer,
F-406, Sector-63, NOIDA (U.P.)

Published at A-2, 201-208, 2nd Floor, Pragati Deep Building, Plot No. 8, District Centre, Laxmi Nagar, Delhi-110092
Email: info@adda247.com
Website: www.bankersadda.com & www.careerpower.in

Motivational : नजरिया बदलने से सफलता रहेगी हमेशा साथ

हमारे जीवन में अनेक परिस्थितियाँ, उतार-चढ़ाव आते हैं। साथ ही, हर परिस्थिति के दो पहलू होते हैं, दो नज़रिये होते हैं। एक नकारात्मक होता है और दूसरा सकारात्मक होता है। जहां सकारात्मक होकर हम अपने काम को प्रसन्न होकर कर सकते हैं वहीँ, नकारात्मक नज़रिये से चीजों को देखने पर हम बस परेशान ही रहते हैं, उदास रहते है, दुखी रहते हैं, खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

ऐसे में हम, दूसरों के साथ अपने रिश्तों को बिगाड़ लेते हैं तथा उस परिस्थिति से निकलने का प्रयास ही नहीं कर पाते हैं। जबकि सकारात्मक होकर चीजों को देखने पर हर परेशानी की वजह मिल जाती है और हर परेशानी से, मुश्किल से, हर मुसीबत से निकलने का रास्ता मिल जाता है। एक प्रकार से ये दो बीज होते हैं- सकारात्मक एंव नकारात्मक। जो आगे चलकर हमारे दृष्टिकोण एंव व्यवहार रुपी पेड़ का निर्धारण करते हैं। हम जैसा सोचते हैं, वैसे बन जाते हैं (What we think we become) इसलिए कहा जाता है कि जैसे हमारे विचार होते है, वैसा ही हमारा आचरण होता है। आगे दी जा रही यह लघुकथा, इस विचार को अच्छे से समझने में सहायक होगी...

बहुत पुरानी बात है। एक बार एक मुनि तीर्थ यात्रा पर निकले, रास्ते में एक गांव आया। मुनि बहुत थक चुके थे। उन्होंने गांव में ही एक खेत के नजदीक बरगद के पेड़ के नीचे शरण ली। वहीं कुछ मजदूर पत्थर से खंभे बना रहे थे।
मुनि ने पूछा, 'यह क्या बन रहा है?' एक मजदूर ने कहा, 'पत्थर काट रहा हूं।' मुनि ने फिर पूछा, 'वो तो दिखाई दे रहा है। लेकिन यहां बनेगा क्या?' दूसरे मजदूर ने कहा,' मालूम नहीं।'
मुनि आगे चल दिए। उन्हें एक और मजदूर मिला उन्होंने उससे भी यही पूछा कि, 'यहां क्या बनेगा?' लेकिन उस मजदूर ने भी निराशा से भरा उत्तर दिया। लेकिन अब जो मजदूर मिला उसने ठीक उत्तर दिया, मुनि ने पूछा तो उसने कहा, 'मुनिवर यहां मंदिर बनेगा। इस गांव में कोई बड़ा मंदिर नहीं था।

गांव के लोगों को बाहर दूसरे गांव में त्योहार मनाने जाना पड़ता था। मैं अपने हुनर से यहां मंदिर बना रहा हूं। जब मैं पत्थरों पर छैनी चलाता हूं तो मुझे मंदिर की घंटी की आवाज सुनाई देती है। मैं अपने इसी काम में मगन रहता हूं। मुनि उस मजदूर के इस नजरिए से अभिभूत हो गए और उसे आशीर्वाद दिया।
वास्तव में हम अपना जीवन किस तरीके से जीते हैं, यह हमारा रवैया तय करता है। काम को यदि आनंद के साथ किया जाए तो हमेशा परमानंद की अनुभूति होती है। उस मजदूर को छैनी की आवाज में भी मंदिर की घंटी सुनाई दे रही थीं। यानी उसका नजरिया महान था। इसलिए वह इस काम को कर पाया। इसलिए कहते हैं कि खुशी आपके काम में नहीं, काम के प्रति आपके नजरिए में है।

दोस्तों चीजें वही रहती हैं बस हम अपने नज़रिये से अपनी परिस्थितियों को बदल सकते हैं। इसलिए, नकारात्मक होकर परेशान होकर, दुखी होकर रहने से अच्छा है कि सकारात्मक होकर खुश रहे और उन परिस्थतियों से, मुश्किलों से, मुसीबतों से निकलने का प्रयास करें।

वन्दना शर्मा

News Makers of the Month: May-June 2017

शंघाई सहयोग संगठन का आयोजन, भारत बना पूर्ण सदस्य

शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्षों की 17वीं शिखर बैठक का आयोजन 8-9 जून, 2017 के मध्य अस्ताना, कजाख्स्तान में संपन्न हुआ। भारत और पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के पूर्ण सदस्य बन गए, यह 2001 के बाद चीन के -वर्चस्व वाले सुरक्षा समूह का पहला विस्तार है। भारत और पाकिस्तान को शामिल करने के साथ, एससीओ अब दुनिया की 40% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का करीब 20% है। 2017 एससीओ शिखर सम्मेलन "फ्यूचर एनर्जी" विषय पर आधारित था। इस वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी और अध्यक्षता कजाख्स्तान के राष्ट्रपति नूरसुल्तान नजरबाएव द्वारा की गई। यह तीसरा अवसर है जब कजाख्स्तान ने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की है।

इसके पूर्व वर्ष 2005 तथा 2011 में भी कजाख्स्तान ने एससीओ शिखर बैठक की अध्यक्षता की थी। इस शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन समेत अन्य सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रतिभाग किया। इस सम्मेलन में एससीओ के विस्तार की प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण चरण के तहत भारत तथा पाकिस्तान को संगठन के सदस्य देश का दर्जा प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि रूस के उफा में वर्ष 2015 के सम्मेलन में एससीओ ने औपचारिक तौर पर प्रस्ताव पारित कर भारत और पाकिस्तान को संगठन में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की थी। वर्ष 2016 में उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित 16वीं शिखर बैठक में दोनों देशों ने संगठन में शामिल होने के लिए दायित्व ज्ञापन (Momoranda on Obligation) पर हस्ताक्षर किए थे। भारत और पाकिस्तान के सदस्य बनने के बाद एससीओ की सदस्य संख्या बढ़कर 8 हो गई। जिसके अन्य सदस्यों में चीन, कजाख्स्तान किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान शामिल हैं। भारत और पाकिस्तान के पूर्ण सदस्य बनने के बाद अब इसमें अफगानिस्तान बेलारूस, ईरान और मंगोलिया पर्यवेक्षक देश हैं। यह मुख्य रूप से सदस्य देशों के बीच सैन्य सहयोग से संबंधित है। इसमें खूफिया सूचनाओं को साझा करना, मध्य एशिया में आतंकवाद रोधी अभियान चलाना शामिल है।

दूसरी द्वि-मासिक मौद्रिक नीति समीक्षा, 2017-18 में रेपो दर अपरिवर्तित

केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति की द्वैमासिक समीक्षा में सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) 0.5 प्रतिशत घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया, जो वाणिज्यिक बैंकों को अनिवार्य रूप से बनाए रखना होता है। शीर्ष बैंक के इस कदम से बैंकों के पास कर्ज देने के लिये अधिक नकदी बचेगी।
रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिये आर्थिक वृद्धि के अनुमान को भी 7.4 प्रतिशत से घटाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की यहां हुई पांचवीं बैठक में रेपो दर को 6.25 प्रतिशत तथा रिवर्स रेपो को 6 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया। सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) की दर और बैंक दर 6.50 प्रतिशत पर है।
द्वैमासिक समीक्षा के महत्वपूर्ण बिंदु इस प्रकार हैं-

1. रेपो दर 6.25 प्रतिशत पर बरकरार
2. रिवर्स रेपो छह फीसद
3. सांविधिक तरलता अनुपात एसएलआर 0.5 प्रतिशत घटाकर 20 फीसद किया गया
4. चालू वित्त वर्ष की आर्थिक वृद्धि का अपना अनुमान 7.4 प्रतिशत से घटाकर 7.3 प्रतिशत किया
5. अप्रैल-मार्च 2017-18 की पहली छमाही में मुद्रास्फीति 2 से 3.5 प्रतिशत, दूसरी छमाही में 3.5 से 4.5 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान
6. जीएसटी से महंगाई बढऩे का खतरा नहीं
7. कृषि ऋण माफी की होड़ के प्रति आगाह किया गया, इससे राजकोषीय स्थिति बिगडऩे, मुद्रास्फीति बढऩे का जोखिम बढ़ेगा
8. सातवें वेतन आयोग की सिफारिश, भूस्थैतिक एवं वित्तीय जोखिमों से मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है।
9. निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, बैंकों की हालत सुधारने, बुनियादी ढांचे की बाधाएं दूर करने की जरूरत पर बल
10. बैंकों के बही खातों में दबाव के समाधान के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करेगा रिजर्व बैंक
11. एमपीसी के पांच सदस्यों ने मौद्रिक नीति में यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में वोट डाला जबकि एक की राय भिन्न थी।
12. मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक एक अगस्त को होगी।

फ्रेंच ओपन: नडाल ने 10वीं बार जीता फ्रेंच ओपन टाइटल

स्पेन के राफेल नडाल ने स्विटजरलैंड के स्टेन वॉवरिंका को हराकर 10वीं बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीत लिया है। फाइनल में नडाल ने वॉवरिंका को 6-3, 6-2, 6-1 से हराया।
इसके साथ ही वे मॉर्डन एरा में एक ही ग्रैंडस्लैम खिताब 10 बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में अब नडाल दूसरे स्थान पर आ गए हैं। यह नडाल के करियर का 15वां ग्रैंड स्लैम है। उन्होंने अमेरिका के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी पीट सैम्प्रास के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अब वह केवल रोजर फेडरर के 18 ग्रैंड स्लैम से पीछे हैं।

जेलेना ओस्तपेन्को ने **फ्रेंच ओपन 2017** के फाइनल को जीतकर 20 साल में **रोलैंड गैरोस** में सबसे कम आयु की महिला चैंपियन बन गई है. **वह 1933 में ब्रिटान मार्गरेट स्क्रिप्वे** के बाद ख़िताब पर कब्ज़ा करने वाली पहली गैरवरीय खिलाड़ी भी बन गयी है.
रोहन बोपन्ना ग्रैंड स्लैम जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं.

फ्रेंच ओपन 2017 के विभिन्न श्रेणियों में सभी विजेताओं की सूची इस प्रकार है-

1. **फ्रेंच एकल पुरुष ओपन ख़िताब- स्पेन के राफेल नडाल (10 वां फ्रेंच ख़िताब) ने** स्टेन वावरिंका **(स्विटज़रलैंड) को हराया.**
2. **फ्रेंच महिला एकल ख़िताब**-लाटविया की **जेलेना ओस्तपेन्को (1** ग्रैंड स्लैम **ख़िताब)**ने सिमोना हेलप (रोम) को हराया.
3. **फ्रेंच पुरुष डबल्स ख़िताब- माइकल वीनस (**न्यूजीलैंड**) और रयान हैरिसन (**यूएसए**) ने** सैंटियागो गोंज़ालेज़ और डोनाल्ड यंग को हराया.
4. **फ्रेंच महिला डबल्स ख़िताब- बेथानीमैटेक-सैंड्स (**यूएसए**)** और **लूसी सफारोवा (**चेक गणराज्य**) ने** एशलेग बार्टी और केसी डेलाक्वा को हराया.
5. **फ्रेंच एन मिक्स्ड डबल्स ख़िताब- रोहन बोपन्ना (भारत) और गैब्रिएला डाब्रोवस्की (कनाडा) ने** अन्ना-लेना ग्रोएनेफेल्ड और रॉबर्ट फराह को हराया.

देश का सबसे भारी संचार अंतरिक्ष यान, GSLV मार्क-3 लॉन्च

इसरो ने जीएसएलवी एमके-III को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से सफलतापूर्वक लॉन्च किया. यह एक उच्च माध्यमिक संचार उपग्रह है. इससे देश में इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने के भारत के प्रयासों को मदद मिलेगी. यह भारत का सबसे वजनी रॉकेट है। यह GSAT, 19 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में लेकर जाएगा। जीएसएलवी मार्क 3 को फैट ब्वॉय के नाम से भी जाना जाता है। यह आठ टन वजन अंतरिक्ष में लेकर जा सकता है।
जीएसएलवी-मार्क -3 के बारे में महत्वपूर्ण बिंदु:

1. इसकी सबसे खास बात ये है कि इसमें देश में ही बनाया गया ताकतवर क्रायोजेनिक इंजन लगा है, जिसकी मदद से ये रॉकेट भारी सैटेलाइट को अंतरिक्ष में स्थापित कर सकता है.
2. यह रॉकेट 640 टन वजनी और 43.43 मीटर लंबा है.
3. इसरो के मुताबिक जीसैट-19 मल्टी वेव उपग्रह है. ये अंतरिक्ष आधारित प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर के हाई स्पीड इंटरनेट सेवाएं मुहैया कराने में सक्षम है.
4. इस रॉकेट को बनाने में 160 करोड़ से ज्यादा की लागत आई है, जो कि दुनिया की बाकी स्पेस एजेंसियों के मुकाबले आधी है.
5. जीसैट-19 को पहली बार भारत में बनी लीथियम आयन बैटरियों से संचालित किया जा रहा है.

इसकी कामयाबी से अब भारत अंतरिक्ष यात्रियों को भेज सकेगा. भारी उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बड़े मुनाफे वाले कारोबार का भी बड़ा खिलाड़ी बन सकेगा.

इंग्लैंड व वेल्स आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2017, की पूर्ण जानकारी

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 के फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने भारत को 180 रन से करारी मात देते हुए पहली बार इस खिताब पर कब्जा कर लिया. पाकिस्तान की ओर से रखे गए 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया की पारी 30.3 ओवर में 158 रन बनाकर सिमट गई.
दिए गए कुछ महत्वपूर्ण अवार्ड :

1. **फखर जमां को मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला.**
2. **सबसे अधिक 13 विकेट लेने वाले पाक गेंदबाज हसन अली को गोल्डन बॉल अवॉर्ड मिला.**
3. **हसन अली को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया.**
4. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 **टूर्नामेंट में 338 रन बनाने वाले शिखर धवन को गोल्डन बैट मिला.**

सक्सेस स्टोरी : "कठिनाईयाँ चाहे जितनी हो, अपनी यात्रा कभी मत रोको": जयश्री (Canara Bank PO) – 28

नाम : जयश्री
योग्यता : बी.ए.
स्थान : तमिलनाडु

नमस्कार मित्रों,
सबसे पहले, आप सभी को एक बैंकिंग के उम्मीदवार होने पर गर्व होना चाहिए क्योंकि हम सरकारी क्षेत्र का चयन कर भीड़ से बाहर खड़े होते है, जब हमारे दोस्त छुट्टीयों की योजना बना रहे थे तब हमने अपनी अध्ययन की योजनाओं के साथ यह मुकाम हासिल किया. हमने अपनी नौकरियां प्राप्त करने के लिए पूर्ण अध्ययन के लिए अपनी नौकरी छोड़ने की भी हिम्मत की है. हमारे धैर्य का समय-समय पर इम्तिहान लिया गया था हां, कठिन समय कभी खत्म नहीं होता, लेकिन कठिन समय में कठिन परिश्रम करने वाले लोग ही इसमें जीत हासिल कर पाते हैं.

मेरी यात्रा: आकांक्षी से विजेता तक
मैंने 2015 में अपनी ग्रेजुएशन स्तर की पढ़ाई पूरी की और मुझे एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी मिली. लेकिन 3 महीनों बाद, मैंने अपनी नौकरी छोड़ दी और अप्रैल 2016 में IBPS की तैयारी शुरू कर दी. मेरा पहला प्रयास SBI PO विफल रहा था. मेरा अगला प्रयास IBPS PO था. आज मैं जो कुछ भी हूँ(CANARA बैंक -PO और CLERK के रूप में चयनित) वह मुझे SBI PO से IBPS PO के बीच, जिन दो कारको ने बनाया है, वह सिर्फ कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय हैं.

विफलता एक अपराध नहीं है. लेकिन सुनिश्चित रहे कि, अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए, आप हर विफलता के बाद और अधिक प्रयास करते हैं.यह केवल मिथक हैं कि बैंक परीक्षा पास करने के लिए 2 या उससे अधिक वर्ष लगते हैं. लेकिन आपके आस-पास बहुत से ऐसे लोग है जिन्होंने हर बार इसे गलत साबित किया हैं.

मेरे जैसे उन सभी के लिए जो स्व-तैयारी करते है, ADDA247 एक बहुमूल्य स्थान साबित होता है.
BANKERSADDA में दो चीजें हैं जो मुझे अन्य लर्निंग एप्पस से ख़ास लगती है.
सबसे पहले, अन्य एप्लिकेशन की तुलना में ADDA247 का मेमोरी बेस टेस्ट अधिक सटीक होता हैं. वे टेस्ट को जल्द से जल्द अपडेट करते हैं जिससे अगले दिन की निर्धारित परीक्षा में लिखने में काफी मदद मिलती है
दूसरा, उम्मीदवारों द्वारा साझा इंटरव्यू एक्सपीरियंस ने मेरी तैयारी में काफी मदद की.

हर किसी की कार्यनीति अलग होती है. कुछ लोग क्वांट्स में श्रेष्ठ होते हैं जबकि अन्य लोगो की रीजनिंग अच्छी होती हैं. मेरे अनुसार, अभ्यास केवल एकमात्र रणनीति है यह आपको तब सभी अनुभागीय कटऑफ़ को क्लियर करने में भी मदद करता है, जब आपको यह सब मुश्किल लगता है. मुझे ऑनलाइन पुस्तकें पढ़ना पसंद है .अंग्रेजी में भी सुधार के लिए, अपने व्यक्तिगत पसंद के ब्लॉग पढ़ें यह आपको तब इंटरव्यू में भी मदद करेगा , जब आपसे आपके शौक के बारे में पूछा जाएगा.

जब मैं इंटरव्यू के लिए गयी थी, तब मैं उन उम्मीदवारों से मिलि जो सबसे अच्छे कोचिंग संस्थानों से थे और उनका संचार कौशल मुझसे बेहतर था लेकिन मैं कभी निराश नहीं हुई. मुझे लगा कि मैं ऐसे कुशल लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लायक हूं.
मेरे रोल मॉडल एमएस धोनी के शब्दों के अनुसार,
'आप अतीत से सीख सकते हैं और भविष्य के लिए योजना बना सकते हैं,लेकिन वर्तमान में आप क्या कर रहे है यह महत्व रखता है'

वह समय आएगा जब आप उदास महसूस करेंगे, आप निराश हो जाएँगे और आप सब कुछ छोड़ने का विचार करने लगेंगे, लेकिन कभी भी अभ्यास मत रोकियेगा. बहुत से लोग आपके कैरियर पर प्रश्न करेंगे,आपकी असफलताओं की आलोचना करेंगे और आपको नीचे गिराएंगे. उनकी ओर ध्यान ना दें.और आगे बढ़े.
मैं नैतिक समर्थन के लिए मेरे सबसे अच्छे दोस्त सथिया वसंत (जो इस सफलता का मुझसे अधिक हकदार हैं) और तकनीकी सहायता के लिए मैं ADDA247 की टीम का आभारी हूँ. इस सफलता की कहानी को संभव बनाने के लिए धन्यवाद!

सभी विजय उम्मीदवारों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाईयाँ और अन्य छात्रों को शुभकामनाएं

CURRENT AFFAIRS : 21st May to 15th June 2017

राष्ट्रीय समाचार

महत्वपूर्ण कैबिनेट स्वीकृति- मई 2017

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मंजूरी दी है और कुछ महत्वपूर्ण समझौतो को भी मंजूरी दी है. कैबिनेट की महत्वपूर्ण अनुमोदन निम्नानुसार हैं-

कैबिनेट द्वारा स्वीकृत है-

- भारत द्वारा बेस एरोइजन और प्रॉफिट शिफ्टिंग को रोकने के लिए तथा टैक्स संधि को लागू करने के लिए बहुपक्षीय कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किये गए।
- भारत के स्वदेशी प्रेशरिज्ड हेवी वॉटर रिएक्टर्स (पीएचडब्ल्यूआर) की 10 इकाइयों का निर्माण।
- अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद और अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के मुकाबले में सहयोग पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच समझौता ज्ञापन।
- नेशनल डिफेन्स कॉलेज, नई दिल्ली और नेशनल डिफेंस कॉलेज, ढाका, बांग्लादेश के बीच फैकल्टी एक्सचेंज समझौता।
- पेन-इंडिया ने मातृत्व लाभ कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया - इसके तहत गर्भवती महिलाएं और लैक्टेटिंग मातायें जो इसकी पात्र है, को 5,000/- रुपये का नकद लाभ तीन किश्तों में प्राप्त होगा।
- सीमा शुल्क मामलों में सहयोग और म्युचुअल सहायता पर भारत और ताजिकिस्तान के बीच समझौता।
- कैबिनेट ने भारत और ताजिकिस्तान के बीच समझौते को मंजूरी दी
- बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग के संबंध में भारत और बांग्लादेश के बीच समझौता ज्ञापन
- नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापना के लिए 2360 करोड़ रुपए के बांडों को मंजूरी
- वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में जर्मनी और भारत के बीच संयुक्त घोषणापत्र
- विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना.
- ऑर्ग ट्रांसप्लांट सर्विसेज के क्षेत्र में सहयोग के संबंध में स्पेन और भारत के बीच समझौता ज्ञापन
- कामरूप, असम में नए एम्स की स्थापना.
- केंद्रीय सड़क निधि अधिनियम, 2000 में संशोधन करके राष्ट्रीय जल मार्गों के विकास और रखरखाव के लिए केंद्रीय सड़क कोष के 2.5 प्रतिशत आवंटन
- •केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और ताजिकिस्तान के बीच कस्टम्स मामले में सहयोग और परस्पर सहायता के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर और अनुमोदन को मंजूरी दी है।

कैबिनेट ने 9 बिलियन अमरीकी डालर के निर्यात ऋण के लिए भारत और कोरिया के बीच समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में बुनियादी ढांचे के विकास और किसी तीसरे देशों में परियोजनाओं के भाग के रूप में माल और सेवाओं की आपूर्ति के लिए 9-अरब डॉलर के निर्यात ऋण के लिए एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (EXIM बैंक) और एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ़ कोरिया(KEXIM) के बीच प्रस्तावित समझौता समझौता (MoU) को मंजूरी दे दी है।

ईरान, यूरोपीय संघ के समकक्षों के साथ समझौता ज्ञापन के लिए सेबी को मंजूरी मिली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में यूरोपीय संघ और ईरान के सिक्योरिटीज बाजार नियामकों के साथ दो अलग-अलग समझौता ज्ञापन (एमओयू) में प्रवेश करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को मंजूरी दे दी है.इन समझौता ज्ञापनों से भारत और संबंधित देशों के बीच के संबंधों में सहयोग की मजबूती आने की उम्मीद है।

डॉ जितेंद्र सिंह ने शुरू किया पूर्वोत्तर के लिए "Hill Area Development Programme"

पूर्वोत्तर क्षेत्र (डीओईईआर) के विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने इंफाल, मणिपुर में पूर्वोत्तर के लिए “Hill Area Development Programme” (HADP) के शुभारंभ की घोषणा की है

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकार ने टेली लॉ लॉन्च किया

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने 'टेली लॉ' सेवा शुरू की है।

भारत, रूस ने सेंट पीटर्सबर्ग में घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए

भारत और रूस ने 18 वीं वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के बाद सहयोग बढ़ाने के लिए एक रोडमैप के रूप में सेंट पीटर्सबर्ग घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए.प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के बाद घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए।

Click here to buy the e-Copy of Competition Power August Edition (Hindi)